मैं दे दूंगा। मैने सब पढ़ा हैं और एक-एक प्वाइंट के ऊपर मैंने अधिकारियों से कहा है कि कल रात में ही एक-एक प्वाइंट के ऊपर जवाब दे चूंकि हम भी इंटरेस्टेड हैं जानकारी के लिए इन सारी चीजों में। यह अपने कंजम्प्शन के लिए भी हैं और आपको तो जानकारी होगी ही । इसलिए मैं आपको निश्चित रूप से उसको भिजवाने का काम करूंगा। एडवर्टाइजमेंट वगैरह का कहा है। इसके लिए भी मैंने पता लगवाया था। उसका एक अलग से हमारे यहां एक डिपार्टमेंट ही हैं। उसका एक नियम हैं। वर्चुअली कहिए कि हम तो रोक ही रहे हैं। जैसे कल भी देखें होंगे कि इतना बड़ा था बारामूला का और वहां का। फिर भी हमने कहा कि सब पेपर्स में मत दो। कुछ एक पेपर्स में निकला। हमारे दूसरे सदन में भी लोग कह रहे थे। मैं आपको नहीं कहता हूं। लेकिन मैंने जब पूछा अपनी मिनिस्ट्री से तो बताया कि यह सिस्टम हमारे यहां, रेलवे मिनिस्ट्री में शुरू से ही है तो मैंने कहा शुरू से अभी तक किसी ने इस मामले को नहीं उठाया। यह तो बेचारे गरीब राम विलास पासवान जब बने हैं तब ही यह मामला बार-बार क्यों उठ रहा हैं। इसलिए मैं कोशिश कर रहा हूं।

मैं तो दिल्ली में रात में आता हूं। 6 बजे के बाद, 12 बजे, 2 बजे रात तक आफिस में मैं डेली बैठता हूं। कल भी मैं 2 बजे रात तक बैठा था। आफिस का काम हम रात में करते हैं।

श्री एस0 बी0 चव्हाण : मेरा आब्जेक्शन एडवर्टाइजमेंट में नहीं था। एडहाक नहीं है यह पूछ रहा था...(**व्यवधान**)...

श्री राम विलास पासवान : दिन में भी करते हैं। तो हम कोशिश नहीं करते हैं। हम कोशिश करते हैं कि ठीक है अपना करो। लेकिन कभी-कभी लोकल लोगों को बहुत गुस्सा होन लगता है कि यहां का तो आपने कर दिया, हमारे यहां का जब कोई कार्यक्रम हो रहा हैं तो हमारी कांस्टीटुएंसी की कोई इज्जत है कि नहीं। हमारी कोई इजजत है कि नहीं। तो उसमें थोड़ा बहुत देखना चाहते हैं। लेकिन मैं आपको इतना विश्वास दिलाना चाहता हूं कि आपके आशीर्वाद से आपकी जो परसनैलिटी है या आपकी जो परसनैलिटी हैया बख्त साहब की जो हैं, या जो हो गया है इसमें लोगों को अब कोई चेहरा वगैरह दिखलाने की बहुत जरूरत नहीं हैं। लेकिन एक थोड़ा सा एडवर्टाइजमेंट का होता है उससे जो लोकल लोग हैं, जो लोकल एम0 पीज भी हैं या जो लोकल प्रोजेक्ट्स है जो हाइलाइट होते हैं। उस दृष्टिकोण से भी हम लोग करते हैं लेकिन बाकी अभी जो आपने कहा हैं हम उसको डिटेल में लिखकर भेज देंगे। और भी माननीय सदस्यों को कहना चाहते हैं, पालिसी के मामले पर भी या और पर भीद चूंकि समय का अभाव हैं इसलिए उन सब मामलों पर, एक-एक करके आपने जितने प्वाइंटस उठाए हैं उसमें चाहे जितना भी हमको विस्तार में जाना पड़ेगा हम विस्तार में जाकर आपको जवाब भेजने का काम करेंगे। इन्हीं शब्दों के साथ मैं सभी माननीय सदस्यों को बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं और इस सदन में लेखानुदान की 1997-98 की मांग और 1996-97 के लिए अनुदान की पूरक मांगे विचारार्थ प्रस्तुत करता हूं।

THE APPROPRIATION (RAILWAYS) VOTE ON ACCOUNT BILL, 1997

रेल मंत्री (**श्री राम विलास पासवान**) : महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं कि –

> "रेलों के प्रयोजनार्थ वित्तीय वर्ष 1997-98 के एक भाग की सेवाओं के लिए भारत की संचित निधि में सेए कतिपय राशियां निकालने का उपबंध करने वाले विधेयक पर, जिस रूप में वह लोक सभा द्वारा पारित किया गया, विचार किया

The *question was put and the motion was adopted.*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI AJJT P. K. JOGI): I shall now take up clause by clause consideration of the Bill.

Clauses 2, 3 and the Schedule were added to the Bill.

Clause 1, the Enacting Formula and the Title were added to the Bill.

श्री राम विलास पासवान : महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं कि विधेयक को लौटाया जाए।

The question was put and the motion was adopted.

THE APPROPRIATION (RAILWAYS) BILL,I997

रेल मंत्री (**श्री राम विलास पासवान**) : महोदय मैं प्रस्ताव करता हूं कि:

> 31 मार्च, 1995 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष के दौरान रेलों के प्रयोजनार्थ कुछ सेवाओं के लिए